
# अफ्रीका

## स्थिति एवं विस्तार

अफ्रीका क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का दूसरा बड़ा महाद्वीप है। इसका क्षेत्रफल 3,02,43,910 वर्ग किमी है। यह पृथ्वी के कुल स्थलीय क्षेत्र के 22 प्रतिशत भाग पर फैला हुआ है। यहां विश्व की 13 प्रतिशत जनसंख्या (2001) निवास करती है। विषुवत रेखा इस महाद्वीप को दो बराबर भागों में विभाजित करती है। विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल सहारा और सबसे लम्बी नदी नील इसी महाद्वीप में है। इस महाद्वीप में 53 देश सम्मिलित हैं। इस महाद्वीप की तट रेखा की लम्बाई 30,500 किमी है। अन्य महाद्वीपों की तुलना में अफ्रीका महाद्वीप के क्षेत्रफल की तुलना में इसकी तटरेखा की लम्बाई आनुपातिक रूप से कम है।




### अफ्रीका की सबसे बड़ी 5 झीलें (क्षेत्रफलानुसार)

| स्थान, नाम और अवस्थिति | क्षेत्रफल (वर्ग किमी में) |
|---|---|
| 1. विक्टोरिया झील, युगांडा-कीनिया-तंजानिया | 69,490 |
| 2. टांगानीका झील, कांगो प्रजातान्त्रिक गणतन्त्र-तंजानिया | 32,900 |
| 3. न्यासा झील, मलावी-मोजाम्बिक-तंजानिया | 22,490 |
| 4. चाड झील, चाड | 17,800 |
| 5. नासिर झील, मिश्र | 12,900 |

### अफ्रीका की सबसे ऊंचे 5 पर्वत शिखर

| स्थान, नाम और अवस्थिति | ऊंचाई (मीटर में) |
|---|---|
| 1. किलिमंजारो, तंजानिया | 5,895 |
| 2. माउण्ट केन्या, कीनिया | 5,199 |
| 3. मारघेरिटा, युगांडा-तंजानिया | 5,109 |
| 4. रास दाशेन, इथियोपिया | 4,620 |
| 5. माउण्ट मेरु, तंजानिया | 4,565 |

### अफ्रीका की सबसे बड़े 5 द्वीप (क्षेत्रफलानुसार)

| स्थान, नाम और अवस्थिति | क्षेत्रफल (वर्ग किमी में) |
|---|---|
| 1. मेडागास्कर, हिन्द महासागर | 587,041 |
| 2. करग्यूलिन द्वीप, फ्रेंच दक्षिणी और अण्टार्कटिक भूमि | 6,000 |
| 3. सोकोतरा, हिन्द महासागर | 3,110 |
| 4. रियूनियन, हिन्द महासागर | 2,507 |
| 5. बिओको, भूमध्यरेखीय गिनी | 2,020 |

### अफ्रीका के पठार

| | |
|---|---|
| 1. अगहर पठार | अल्जीरिया |
| 2. तिबेस्ती पठार | चाड |
| 3. अडमावा पठार | कैमरून |
| 4. इथिओपिया पठार | इथिओपिया |

### स्मरणीय तथ्य

- सभी महाद्वीपों में **उष्ण कटिबंधीय परिस्थितियों** का सबसे ज्यादा विस्तार अफ्रीका महाद्वीप में है।
- संसार में सबसे ऊंचा तापमान 580 सेण्टीग्रेड लीबिया के **अल-अजीजिया** नामक स्थान पर दर्ज किया गया है।
- अफ्रीका में उष्ण कटिबंधीय लंबी और मोटी घास के क्षेत्र को **सवाना** कहते हैं।
- अफ्रीका के उत्तरी भाग (ट्यूनीशिया, अल्जीरिया और मोरक्को) तथा दक्षिणी भाग (दक्षिणी अफ्रीका) में भूमध्य सागरीय जलवायु पाई जाती है।
- जेम्बेजी नदी पर निर्मित **करीबा बांध** से अफ्रीका में सबसे अधिक जलविद्युत पैदा की जाती है। मिस्र देश में नील नदी पर निर्मित **अस्वान बांध** अफ्रीका का एक अन्य बड़ा बांध है। **कैंजी बांध** नाइजर नदी पर स्थित है।
- विश्व में सबसे अधिक क्रोमियम दक्षिणी अफ्रीका में निकाला जाता है।
- अफ्रीका में **जंजीबार** और **पेंबा** द्वीप संसार में सबसे अधिक लौंग का उत्पादन करते हैं। यहां से इसका निर्यात भी सबसे अधिक होता है।

- कांगो प्रजातान्त्रिक गणतन्त्र को वनों का देश कहा जाता है।
- अफ्रीका ही एकमात्र ऐसा महाद्वीप है, जिसमें से **कर्क** व **मकर** रेखाएं गुजरती हैं।
- स्वेज नहर का निर्माण 1869 में पूर्ण हुआ। इसकी लम्बाई 162 किमी- है। यह भूमध्यसागर को लाल सागर से मिलाती है। उसके वास्तुकार का नाम फर्डिनेण्ड डी लेसेप है।
- दक्षिणी अफ्रीका में शीतोष्ण कटिबंधीय घासों से ढंके भागों को **'वेल्ड'** कहते हैं। यह डच भाषा का शब्द है जिसका अर्थ घास का मैदान होता है।
- विश्व का सबसे विशाल हीरा **प्रीमीयर खान** (दक्षिण अफ्रीका) से 1905 को प्राप्त हुआ। जिसका नाम **कुलीनान हीरा** है।
- विश्व की हीरे की सबसे बड़ी खान **किम्बरले** (दक्षिण अफ्रीका) में है।
- अफ्रीका महाद्वीप का **ट्रान्सवाल क्षेत्र** विश्व के प्रमुख **सोना** उत्पादक क्षेत्रें में सबसे बड़ा है।
- अफ्रीका का सबसे लम्बा रेल मार्ग **केप-कहिरा रेलमार्ग** है जो दक्षिणी अफ्रीका गणराज्य के केपटाउन नगर से मिस्र के काहिरा नगर तक पहुंचता है।
- इस महाद्वीप के **स्थल रूद्ध** (Land Lock) देशों में माली, नाइजर, चाड, अपर वोल्टा, युगाण्डा, जाम्बिया, जिम्बाब्वे, मलावी, बोत्सवाना, आदि मुख्य हैं।
- अलगेजीरा (El Gezira) रेगिस्तान सूडान में स्थित है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से अफ्रीका महाद्वीप में सूडान सबसे बड़ा व मेओटो सबसे छोटा देश है।
- जिबूती (Djibouti) में **'असल'** नामक स्थान औसत समुद्र तल से 153 मीटर नीचा है।
- विश्व में कुल संभाव्य जल विद्युत शक्ति की 40 संभाव्य क्षमता अफ्रीका महाद्वीप में विद्यमान है।
- विश्व में अफ्रीका सबसे अधिक जनसंख्या-वृद्धि वाला महाद्वीप है।
- नाइजीरिया के आंतरिक भाग में ग्रीष्म ट्टतु शुष्क रहती है। इस ट्टतु में प्रायः गरम और धूल भरी हवाएं उत्तर-पूर्व की ओर चला करती हैं। इन हवाओं को **हरमटन** कहते हैं।
- मिश्र में ग्रीष्म ऋतु में दक्षिण की ओर से गरम, शुष्क और धूल भरी हवाएं चलती हैं। इन हवाओं को **खमसिन** कहते हैं।
- अफ्रीका-हार्न (Horn) में सम्मिलित देश क्रमशः इथियोपिया, जिबुती और सोमालिया हैं।
- अफ्रीका में सर्वाधिक वार्षिक-वृद्धि वाला देश लाइबेरिया है।
- अफ्रीका में 1 प्रतिशत से भी कम वार्षिक वृद्धि वाला एकमात्र देश गिनी है।
- अफ्रीका का सर्वाधिक नगरीकृत देश लीबिया है।
- अफ्रीका में जिम्बाब्वे में साक्षरता का प्रतिशत सर्वाधिक है।
- अफ्रीका में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया है।
- मिश्र में कृषि सिंचाई पर सर्वाधिक निर्भर है।
- इस महाद्वीप के सबसे लम्बे रेलमार्ग दक्षिणी अफ्रीका संघ में पाये जाते हैं।
- अफ्रीका का सबसे ऊंचा बांध अस्वान नील नदी पर बना हुआ है।
- इस महाद्वीप में नाइजर नदी को 'पॉम तेल की नदी' कहा जाता है।
- अफ्रीका का सबसे विकसित एवं सम्पन्न देश दक्षिणी अफ्रीका संघ है।
- एटलस अफ्रीका महाद्वीप की एकमात्र अल्पाइन पर्वत श्रेणी का नाम है।
- इस महाद्वीप का अधिकांश धरातल ऊंचा नीचा एवं प्राचीन पठारी खण्ड वाला है।
- एटलस पर्वत के सर्वोच्च शिखर का नाम टाबकल है।
- सफेद नील एवं नीली नील नदियां **खारतूम** (सूडान) के समीप आपस में मिलती हैं।
- **फूटा जालोन सवाना क्षेत्र** गिनी देश में विस्तृत है। यह क्षेत्र **फुलानी** लोगों द्वारा आवासित है। फुलानी लोगों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन है।
- **रॉस दाशेन** इथियोपिया के पठार का सर्वोच्च ऊंचाई (4,620 मीटर) वाला स्थान है।
- अफ्रीका के **भूमध्यरेखीय झील तंत्र** में सम्मिलित झीलें टुर्काना, एल्बर्ट, टांगानीका और न्यासा है।
- घाना में वोल्टा नदी पर निर्मित अकोसोम्बो बांध से बनी **वोल्टा झील** अफ्रीका की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है।
- पूर्वी अफ्रीका में विस्तृत **सेरेगंटी** मैदान एक प्रमुख घास-स्थल है।
- तुर्काना झील के तटवर्ती क्षेत्रें में होमिनिड जीवाश्म मिले हैं।
- कनारी और बेंग्वेला की ठण्डी समुद्री धाराएं अफ्रीका के पश्चिमी तट (अटलाण्टिक महासागर तट) के समीप प्रवाहित होती है जबकि मोजाम्बिक की गर्म जल धारा दक्षिणी पूर्वी तट (हिन्दमहासागर) के समीप प्रवाहित होती है।
- दक्षिणी अफ्रीका के तट पर प्रवाहित होने वाली गर्म एवं शुष्क पवन को **बर्ग** कहते हैं।
- **अरब, बर्बर, तुआरेग** लोग उत्तरी अफ्रीका में, पिग्मी कांगो बेसिन में **बुशमैन** कालाहारी मरुस्थल में; **होटेनटाट्स, ओवाम्बो** तथा **हेरेरो** लोग दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका में रहते हैं।

- **बन्टू** जो कि अफ्रीका के मूल निवासी हैं कि अधिकांश जनसंख्या भूमध्य रेखा के दक्षिण में निवास करती है।
- **कीनिया** बृहत् सफारी केन्द्र के रूप में जाना जाता है।
- **कटंगा** कांगो देश का खनिज बहुल क्षेत्र है।
- **विटवाटर्सरैण्ड** (ट्रान्सवाल क्षेत्र) अफ्रीका का सर्वाधिक सोना उत्पन्न करता है।
- **चाड झील** सहारा रेगिस्तान में स्थित प्रमुख झील है।
- **जोहन्सबर्ग** भूमध्यरेखा के दक्षिण में स्थित अफ्रीका का सबसे बड़ा शहर है।
- पशुपालन में संलग्न खानाबदोश जीवन-यापन करने वाली जनजातियों की सर्वाधिक संख्या **सोमालिया** में है।
- विश्व में जल विद्युत शक्ति की सम्भावित क्षमता सबसे अधिक कांगो देश में है।
- मेडागास्कर के मूल निवासी **मालागासी** कहलाते हैं। ये मलय और पालीनेशियाई लोगों से संबंधित हैं।
- कागज बनाने में प्रयुक्त **एस्पारटो घास** उत्तरी अफ्रीका में बहुतायत से उगती है।
- **मिश्र** को एशिया और यूरोप महाद्वीप का जंक्शन कहा जाता है।
- **सिसल हेम्प** के लिए विश्व में तंजानिया देश प्रसिद्ध है।
- युगांडा के पश्चिम में फैली **रूवेनजोरी** पर्वतमाला को **चांद के पर्वत** के नाम से जाना जाता है।
- अफ्रीका में समुद्रतटीय मैदान का सर्वाधिक विस्तार मोजाम्बिक देश में है।
- **किलिमंजारो** के पूर्वी ढलानों पर कहवा की कृषि छग्गा जनजाति द्वारा की जाती है।